CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 229 ▫ रायपुर, शुक्रवार 11 सितंबर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो
# 3 बच्चों समेत 9 यात्रियों की मौत

### छत्तीसगढ़ से नागपुर जा रहे थे



**नई दिल्ली, 11 सितंबर (न्यूज चैनल)।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 9 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल के लिए भेजा। यह हादसा भंडारा जिले के पिंपलगांव के पास नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां बोलेरो गाड़ी खड़े ट्रक से जा टकराई। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि बोलेरो गाड़ी में 16 से 17 लोग सवार थे। सभी लोग छत्तीसगढ़ से तीज त्योहार के लिए नागपुर जा रहे थे। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय नागरिकों और राहगीरों की मदद से घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। इसके बाद सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। हालांकि, 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जिनके शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, इलाज के लिए नागपुर ले जाई जा रही एक महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई।

मृतकों में चार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि अन्य की पहचान की जा रही है। मरने वाले बच्चों की उम्र 5 साल से कम थी। वहीं, गाड़ी चालक समेत अन्य कई लोग घायल हैं। ड्राइवर और 3 बच्चों को भंडारा मेडिकल कॉलेज व अन्य घायलों को नागपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर लक्ष्मीकांत शहारे ने बताया कि मुंडिपार और पिंपलगांव के बीच हादसा। वहां रात के समय एक खड़ा ट्रक था। करीब 3 बजे, खड़े ट्रक को एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। घायल लोगों का पहले हमारे साकोली स्थित अस्पताल में इलाज हुआ, वहां से उन्हें भंडारा रेफर किया गया। भंडारा से कुछ लोगों को नागपुर जीएमसी के लिए रेफर किया गया। एक व्यक्ति ने बताया कि सभी लोग छत्तीसगढ़ से नागपुर आ रहे थे। ये तीज के त्योहार में जा रहे थे। उनमें से 9 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में मेरी भांजी सरिता वर्मा भी है।

## सड़क हादसों में दो बाइक सवार की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**धमतरी, 11 सितंबर (हाईवे चैनल)।** तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाईक चालकों की दर्दनाक मौत हो गई ।हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रिफर किया गया है। इसमें से एक भाई अपनी बहन को तीजा लेकर वापस लौट रहा था। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार दामेश्वर सिन्हा 45 वर्ष पिता उपराम सिन्हा ग्राम बड़े गौरी थाना चारामा निवासी तीजा लेने मोखा थाना गुरुर गया हुआ था। वहां से अपने घर लौट रहा था। नेशनल हाईवे में जगतरा टोल प्लाजा के आगे पिकअप वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में रामेश्वर सिन्हा और उसकी बहन नीता सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी लाया गया। उपचार के दौरान रामेश्वर की मौत हो गई। नीता का इलाज चल रहा है।

इसी तरह एक अन्य घटना भखारा क्षेत्र के अंतर्गत हुई है। जिसमें ग्राम अंवरी निवासी राजू यादव 45 वर्ष पिता हरिराम गुरुवार को सामान लेने भखारा गया हुआ था। किराना सामान खरीद कर वह वापस घर लौट रहा था। तभी सिर्वे पुरैना मोड के बीच अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। यह घटना शाम लगभग 4 बजे की है। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने रात 9:00 बजे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया

### बस की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

शुक्रवार की सुबह नेशनल हाईवे में लग्जरी बस की ठोकर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पुरूर निवासी तोषण जोशी 26 वर्ष और ग्राम चंदनबिरही निवासी कान्हा साहू 26 वर्ष बाईक से धमतरी आए थे। दोनों वापस पुरूर लौट रहे थे। तभी चिटौद के पास पीछे से तेज रफ्तार लग्जरी बस ने ठोकर मार दी। गंभीर अवस्था में दोनो को हाईवे पेट्रोलिंग और डायल 112 से जिला अस्पताल धमतरी लाया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## ब्रिक्स सम्मेलन के लिए पुतिन समेत दिल्ली में जुटे कई देशों के दिग्गज

### पीएम मोदी करेंगे ताबड़तोड़ द्विपक्षीय बैठकें



**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (न्यूज चैनल)।** राजधानी नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में 12 और 13 सितंबर को आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक नेताओं का आगमन जारी है। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो समेत 21 देशों के प्रतिनिधि और शीर्ष नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन सहित कई शीर्ष नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नई दिल्ली इस ऐतिहासिक वैश्विक महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीकी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष और ब्रिक्स ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट वर्किंग ग्रुप के चेयरमैन एमथो जुलू ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापारिक और ऐतिहासिक संबंधों की सराहना की है। द्विपक्षीय व्यापारिक संभावनाओं पर जोर देते हुए एमथो जुलू ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार का इतिहास काफी पुराना है। ब्रिक्स के गठन से पहले भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ऐतिहासिक और मजबूत सहयोग रहा है और दोनों देश एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने आगे कहा, आज कई भारतीय कंपनियों ने दक्षिण अफ्रीका में बड़ा निवेश किया हुआ है, वहीं दक्षिण अफ्रीकी कंपनियां भी भारत में निवेश को लेकर काफी उत्सुक हैं। यह साझेदारी बेहद सफल रही है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक बन सकती हैं और हमारे ऐतिहासिक संबंधों को व्यापार के जरिए एक नए स्तर पर ले जाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

### वैश्विक तनाव के बीच शांति के लिए पीएम मोदी की कोशिशें अहम

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व सीईओ और एमडी डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने वैश्विक परिस्थितियों पर अपनी राय व्यक्त करते हुए भारत की शांति पहल की सराहना की है। डॉ. सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह ब्रिक्स सम्मेलन दुनिया में जारी दो बड़े संघर्षों और अनिश्चितता के दौर के बीच आयोजित हो रहा है। यह स्थिति दिलचस्प भी है और निराशाजनक भी। भारत हमेशा से वैश्विक शांति और स्थिरता का पक्षधर रहा है। दुनिया में शांतिपूर्ण और बेहतर माहौल बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न वैश्विक समूहों और नेताओं के साथ संवाद स्थापित करने की विशेष पहल की है।

### सागर जहरीली शराब कांड
## पुलिस पर फायरिंग के बाद मुठभेड़ में घायल रवि लखेरा, पैर में लगी गोली, अब अस्पताल में



**नई दिल्ली, 11 सितंबर (न्यूज चैनल)।** बंडा में जहरीली शराब कांड में कई लोगों की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। बड़ी कार्रवाई करते हुए इस कांड के मुख्य आरोपी रवि लखेरा को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी रवि लखेरा लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। शुक्रवार तड़के मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बरायठा के जंगल में स्थित हनुमान टोंग मंदिर के आसपास घेराबंदी की। पुलिस का कहना है कि खुद को घिरता देख आरोपी रवि लखेरा ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी शराब कांड की जांच में एक अहम कड़ी है। आरोपी से पूछताछ कर अवैध शराब के नेटवर्क और इस में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। वहीं दूसरी तरफ पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में अलग-अलग जगह दबिश दे रही है। पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है। सागर के आस-पास के जंगलों में भी दबिश दी जा रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी और अंतरराज्यीय शराब तस्कर रवि लखेरा की गिरफ्तारी पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था।

### बैंक फ्रॉड केस में ईडी का एक्शन, नौ ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, 11 सितंबर (न्यूज चैनल)।** बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गया जिले में करीब आधा दर्जन ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई बिहार के गया स्थित रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामले में की जा रही है। ईडी की टीम गया में करीब आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड कंपनी पर बैंक धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## गुरु बालदास के बड़े बेटे और मंत्री खुशवंत साहब के भाई ढाल दास कांग्रेस में शामिल



**रायपुर, 11 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। सतनामी समाज के प्रमुख धर्मगुरु गुरु बालदास के बड़े पुत्र एवं मंत्री खुशवंत साहब के बड़े भाई ढाल दास ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। पूर्व सीएम के रायपुर निवास में आयोजित कार्यक्रम में भूपेश बघेल ने कांग्रेस में शामिल होने पर पार्टी का गमछा पहनाकर ढाल दास का स्वागत किया। उनके कांग्रेस प्रवेश से प्रदेश की सियासत में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

ढाल दास के कांग्रेस में शामिल होने को राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उनके परिवार की सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखते हुए कांग्रेस में उनका प्रवेश पार्टी के लिए भी अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि गुरु बालदास का सतनामी समाज में प्रभाव माना जाता है, जबकि उनके पुत्र खुशवंत साहब वर्तमान भाजपा सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में परिवार के वरिष्ठ सदस्य ढाल दास के कांग्रेस में शामिल होने से प्रदेश की राजनीति में इसके संभावित असर को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

## मणिपुर में तीन आतंकी पकड़े गए

**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (न्यूज चैनल)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस बयान में यह जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि इन तीनों उग्रवादियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। तेंगनौपाल जिले के खारो खुल्लेन में एक तलाशी अभियान के दौरान यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान थौबल जिले के हेइरोक निवासी एन. सुरेश सिंह (26) के रूप में हुई है। बयान में कहा गया है कि असम राइफल्स की खुफिया सूचना के आधार पर इंफाल पूर्वी जिले के खाबेसोई से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सक्रिय सदस्य को पकड़ा गया। उसकी पहचान एम. सनथोई मेइतेई के रूप में हुई है और वह कथित तौर पर संगठन के नए सदस्यों की भर्ती करने में शामिल था। इसके अलावा, बिष्णुपुर जिले के कुंबी थाना क्षेत्र के इथाई कुंबी से कांगलेई यावोल कन्ना लुप (केवाईकेएल) के 43 वर्षीय उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है।

## नदी पार करते समय बीच धार में फंसा युवक, तेज बहाव में रेस्क्यू से पहले बहा, तलाश में जुटी टीम

राजिम, 11 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजिम के पांडुका थाना क्षेत्र के कोपरा एनीकट में नदी पार करने के दौरान एक युवक बीच धार में फंस गया। इसी दौरान नदी का बहाव अचानक तेज हो गया, जिससे युवक बहाव के बीच फंसकर मदद के लिए लोगों से गुहार लगाता रहा। घटना की सूचना प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल जिला बाढ़ आपदा एवं रेस्क्यू टीम को दी। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के चलते शिकासार डैम से पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर और बहाव तेज है। रेस्क्यू टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही युवक तेज बहाव की चपेट में आकर नदी में बह गया। फिलहाल रेस्क्यू टीम युवक की तलाश में जुटी हुई है।



## 'संविधान की धज्जियां उड़ा रही है कांग्रेस', वंदे मातरम पर कर्नाटक सरकार के फैसले पर बिफरे केंद्रीय मंत्री शिवराज

### पीएम आवास और लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे केन्द्रीय कृषि मंत्री



**रायपुर, 11 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** कर्नाटक सरकार के वंदे मातरम को लेकर लिए गए निर्णय पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना रोष जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान की धज्जियां उड़ा रही है. संसद में विधेयक को पारित कर वंदे मातरम पर कानून बना है. कर्नाटक सरकार का फैसला अलोकतांत्रिक है. कांग्रेस सरकार का यह फैसला भारत माता का अपमान है।

सक्ती जिले के ग्राम जेठा में आयोजित पीएम आवास और लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा की. कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुत प्यार दिया. छत्तीसगढ़ में विकास की बाजार बह रही है. कका और कांग्रेस ने मिलकर छत्तीसगढ़ को तबाह किया था. उन्होंने कहा कि भाजपा ने गरीबों को मकान का अधिकार दिया. 3 लाख 65 हजार से ज्यादा मकान गरीबों के लिए स्वीकृत हुए हैं. आज मुख्यमंत्री को स्वीकृति पत्र दे रहा हूं. छत्तीसगढ़ में हर दिन 1600 मकान पूरे हो रहे हैं. विकसित भारत जीरामजी में भी छत्तीसगढ़ का सहयोग मिल रहा है. विकसित भारत के तहत खेत से सड़क योजना सम्मिलित कर ली गई है. 36 करोड़ रुपए की छत्तीसगढ़ स्वीकृत हुई है. ग्रामीण विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ के लिए सड़कें स्वीकृत की हैं।

वहीं ब्रिक्स समिट पर कांग्रेस के सवाल उठाए जाने पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दुनिया की आधी आबादी का नेतृत्व एक धरती पर इकट्ठा हो रहा है. पूरी दुनिया की नजर ब्रिक्स सम्मेलन पर हैं. जब दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ता है तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है. कांग्रेस हमारे देश की प्रतिष्ठा पर उंगली उठाती है. देश की प्रगति और विकास से कांग्रेस प्रसन्न नहीं हो सकती।

## प्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिन बढ़ेगी बारिश, रायपुर में छाए रहेंगे बादल



**रायपुर, 11 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. गुरुवार को रायपुर में करीब 3 बजे के बाद अचानक तेज हवा के साथ तेज बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली. मौसमी सब-डिविजनल वर्षा सामान्य रही और इसमें 6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में दक्षिण और मध्य छत्तीसगढ़ में बारिश के वितरण और तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है. इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है. प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में रहा. रायपुर में 11 सितंबर को आकाश सामान्यत: मेघमय रहने के साथ कुछ बार बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. शहर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. मौसम विभाग ने आज सुबह कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरीऔर गरियाबंद में आकाशीय बिजली गिरने और वर्षा की संभावना जताई है।

CMYK